# प्रैक्टिस सेट-1

## सामान्य ज्ञान

1. भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कौन-सी है?
(a) डल झील (b) लोकटक
(c) चिल्का (d) वुलर

2. भारतीय संविधान में कानून बनाने की निर्धारित प्रक्रिया काफी हद तक ............... के संविधान द्वारा प्रभावित है-
(a) दक्षिण अफ्रीका (b) जर्मनी
(c) जापान (d) संयुक्त राज्य अमेरिका

3. शिक्षा का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम वर्ष ......... में भारत की संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था-
(a) 2006 (b) 2007 (c) 2008 (d) 2009

4. महाराजा सवाई जयसिंह (जयसिंह द्वितीय) ने .............. में एक खगोलीय वेधशाला स्थापित की-
(a) उज्जैन (b) शिमला
(c) भरतपुर (d) जोधपुर

5. यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम के रूप में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ................ के विरूद्ध दोहरे संरक्षण के लिए एकल टीके का शुभारंभ किया-
(a) खसरा और रुबेला (b) खसरा और गलसुआ
(c) रुबेला और तपेदिक (d) इनफ्लुएंजा और गलसुआ

6. 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के किस जिले की जनसंख्या सबसे ज्यादा हैं?
(a) गोरखपुर (b) लखनऊ
(c) इलाहाबाद (d) बरेली

7. निम्नलिखित में से किस रियासत ने 1947 ई. में पाकिस्तान में मिलने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में जनमत संग्रह के बाद इसे भारत में शामिल होने के लिए मजबूर होना पड़ा था?
(a) रामपुर (b) जूनागढ़
(c) फरीदकोट (d) पोरबंदर

8. निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस में से कर्क रेखा नहीं गुजरती हैं?
(a) राजस्थान (b) त्रिपुरा
(c) मिज़ोरम (d) उत्तर प्रदेश

9. निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस राज्य में द्विसदन विधानमंडल नहीं है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) जम्मू और कश्मीर
(c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

10. भारत की संविधान सभा की संघ शक्ति समिति के अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ राजेन्द्र प्रसाद (b) जे. बी. कृपलानी
(c) सरदार वल्लभ भाई पटेल (d) जवाहर लाल नेहरू

11. प्राचीन गणित पुस्तक गणित-सार-संग्रह .............. द्वारा लिखी गई थी-
(a) भास्कराचार्य (b) महावीराचार्य
(c) आर्यभट्ट (d) ब्रह्मगुप्त

12. किसने एक अंग्रेजी पुस्तक 'अनिलैशिंग इंडिया' लिखी हैं, जो बताती है कि भारत 25 से 30 वर्षों में महाशक्ति कैसे बन सकता है?
(a) वीरप्पा मोइली (b) एस.एम.कृष्णा
(c) शशि थरूर (d) मनोहर परिकर

13. किस साल में भारत में विश्वविद्यालय शिक्षा की समस्या का अध्ययन करने और रिपोर्ट देने के लिए ''सैडलर आयोग'' को नियुक्त किया गया था?
(a) 1917ई. (b) 1924 ई. (c)1936 ई. (d)1906 ई.

14. प्रसिद्ध सूफी संत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह उत्तर प्रदेश के ............ में स्थित है-
(a) जौनपुर (b) कन्नौज
(c) फतेहपुर सीकरी (d) बाराबंकी

15. हिमालय का तीसरा सबसे बड़ा शिखर कौन-सा है?
(a) माउंट ल्होत्से (b) माउंट मकालु
(c) माउंट फूजी (d) माउंट कंचनजंघा

16. उत्तर प्रदेश का राजकीय फूल कौन-सा है?
(a) गुलाब (b) गेंदा
(c) चमेली (d) पलाश

17. मनुष्यों में पित्त का उत्पादन किस अंग में होता है?
(a) पेट (b) अग्न्याशय
(c) जिगर (d) पित्ताशय

18. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भारत में कब (वर्ष) स्थापित हुआ था?
(a) 2000 ई. (b) 1995 ई.
(c) 1993 ई. (d) 1950 ई.

19. निम्नलिखित रोगों में से कौन-सा रोग फफूंद (फंगस) के कारण होता है?
(a) तुण्डिका-शोथ (टांसिल) (b) पित्ताशय की पथरी
(c) दिल का दौरा (d) दाद

20. प्रधानमंत्री सहित, मंत्रीमंडल में मंत्रियों की कुल संख्या, लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के ............से अधिक नहीं हो सकती-
(a) 20% (b) 10% (c) 25% (d) 15%

21. भारत के संविधान के मूल दस्तावेज को .............. द्वारा हाथ से लिखा गया था।
(a) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (b) सरोजिनी नायडू
(c) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

22. विटामिन- $B_7$ का रासायनिक नाम क्या है?
(a) पैंटोथेनिक एसिड (b) बायोटिन
(c) एस्कॉर्बिक एसिड (d) फॉलिक एसिड

23. हॉकी दिग्गज मेजर ध्यानचंद्र का जन्म कहाँ हुआ था?
(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) मेरठ (d) इलाहाबाद



Scanned with OKEN Scanner

**24. मुंशी प्रेमचंद्र का जन्म कहाँ हुआ था?**
(a) कानपुर (b) आरामपुर
(c) गाजियाबाद (d) वाराणसी

**25. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है?**
(a) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
(b) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(c) महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ
(d) इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय

**26. उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'पूर्व का ग्रास' के नाम से जाना जाता है?**
(a) गोरखपुर (b) मुरादाबाद
(c) बनारस (d) कन्नौज

**27. किस पड़ोसी देश को 'लैंड ऑफ द थंडर ड्रैगन्स' कहा जाता है?**
(a) बर्मा (b) नेपाल
(c) बांग्लादेश (d) भूटान

**28. मानव आबादी में बीमारियों और इसके स्रोतों के सांख्यिकीय अध्ययन को...........कहा जाता है-**
(a) महामारी विज्ञान (b) आहार-विज्ञान
(c) प्रतिरक्ष विज्ञान (d) प्रॉक्टोलॉजी

**29. पाकिस्तानी सीनेट में विपक्ष की पहली महिला नेत्री कौन थी?**
(a) बिलावल भुट्टो जरदारी (b) बेनजीर भुट्टो
(c) शेरी रहमान (d) मुमताज महल

**30. सीकर तकनीक के साथ भारत की क्रूज मिसाइल कौन-सी है?**
(a) पृथ्वी (b) गरुड़
(c) ब्रम्होस (d) नारायण

**31. भारत और पाकिस्तान के बीच कितनी पार-सीमा ट्रेन चलती है?**
(a) 4 (b) 1 (c) 2 (d) 3

**32. हाल ही में एक वैश्विक डेटा चोरी अपराध में किस कंपनी का नाम आया था?**
(a) अमेजन (b) गूगल
(c) सिस्को (d) कैम्ब्रिज एनालिटिका

**33. भारतीय संविधान में संशोधन लाने के लिए कितनी पद्धतियां हैं?**
(a) 4 (b) 2
(c) 5 (d) 3

**34. भारत में ब्रिटिश शासन का बड़े पैमाने पर विस्तार सहायक संधियों के माध्यम से हुआ, जो गवर्नर जनरल ............. के शासनकाल में शुरू की गई थी।**
(a) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कॉर्नवॉलिस
(c) लॉर्ड वेलेजली (d) लॉर्ड क्लाइव

**35. गुरू गोविन्द सिंह की मृत्यु के बाद, गुरू की संस्था समाप्त हो गई और सिखों का नेतृत्व उनके विश्वसनीय शिष्य ........... को सौंप दिया गया।**
(a) रणजीत सिंह (b) बंदा बहादुर
(c) अजीत सिंह (d) जुझार सिंह

**36. पाकिस्तान नाम सबसे पहले ................ द्वारा गढ़ा गया था।**
(a) मोहम्मद इकबाल (b) मोहम्मद अली जिन्ना
(c) चौधरी रहमत अली (d) मौलाना आजाद

**37. रवीन्द्रनाथ टैगोर ने अपनी नाइटहुड की उपाधि को .................. के विरोध में छोड़ दिया।**
(a) कैबिनेट मिशन (b) जलियांवाला बाग नरसंहार
(c) रौलेट एक्ट (d) साइमन कमीशन

**38. गोदावरी नदी का उद्‌गम स्थल ................ राज्य में है।**
(a) मध्य प्रदेश (b) छत्तीसगढ़
(c) महाराष्ट्र (d) ओडिशा

# सामान्य हिन्दी

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों (Q.39 - Q. 43) के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए-**

भारत ने स्वाधीनता प्राप्ति के बाद अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त की है। जब हम स्वतंत्र हुए तो उस समय हमारी स्थिति अच्छी न थी। सरकारी प्रयासों से काफी सुधार हुआ परंतु अभी भी एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हम अभी तक कुछ विशेष नहीं कर पाए हैं। वह क्षेत्र है - खेलों का। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है कि वर्षों से हम ओलंपिक में कोई भी स्वर्णपदक नहीं जीत पाए। दुनिया के छोटे-छोटे अविकसित, निर्धन राष्ट्रों के प्रतिभागी भी खेलकूद के क्षेत्र में हमसे आगे निकल गए हैं। कभी हॉकी का विश्व चैंपियन रहने वाला भारत आज इस खेल में अपनी प्रतिष्ठा खो चुका है। खेलों में गिरते स्तर के लिए कौन जिम्मेदार है? एक ओर सरकार की उदासीन दोषपूर्ण सरकारी नीतियाँ हैं तो दूसरी ओर विभिन्न खेल संघों की गुटबाजी, खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं एवं प्रशिक्षण का सर्वथा अभाव या कुछ और प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खाली हाथ लौटने पर सभी एक-दूसर को दोषी बताते हैं। कारण चाहे जो भी हो इतना तय है कि खेलकूद को राष्ट्रीय सम्मान का पर्याय नहीं मानते। अभाव प्रतियोगिताओं का नहीं, अभाव है तो लगन का, प्रोत्साहन का, संकल्प का और मुँहतोड़ जवाब देने वाले जीवट का।

**39. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है-**
(a) स्वतंत्रता प्राप्ति (b) खेलों का गिरता स्तर
(c) ओलंपिक पदक (d) राष्ट्रीय प्रतियोगिताएँ

**40. खेलों के गिरते स्तर का कारण नहीं है-**
(a) दोषपूर्ण नीतियाँ (b) संघों की गुटबाजी
(c) सुविधाओं का अभाव (d) खेलों के लिए राष्ट्रीय सम्मान

**41. खेलों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है-**
(a) खिलाड़ियों को सुविधा देने से
(b) अभ्यास करने से
(c) आपसी गुटबंदी होने से
(d) खिलाड़ियों को सम्मान देने से

**42. गद्यांश के अनुसार राष्ट्र की उपलब्धियों में नहीं है-**
(a) शिक्षा (b) स्वास्थ्य
(c) खेल (d) कृषि

**43. खेलों में निर्धन राष्ट्र भी हमसे आगे निकल गए क्योंकि वहाँ हैं-**
(a) आपसी गुटबंदी (b) खिलाड़ियों की उपेक्षा
(c) दोषपूर्ण नीतियाँ (d) खेलों को राष्ट्र सम्मान

**44. 'अंधेर नगरी' नाटक के रचयिता हैं-**
(a) जयशंकर प्रसाद (b) मोहन राकेश
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) भीष्म साहनी

**45. 'कामायनी' के रचनाकार है-**
(a) जयशंकर प्रसाद (b) सुमित्रानन्दन पन्त
(c) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (d) महादेवी वर्मा



Scanned with OKEN Scanner

**46. 'गोदान' किसका उपन्यास है?**
(a) यशपाल (b) प्रेमचन्द्र
(c) भीष्म साहनी (d) अमरकान्त

**47. 'बीजक' किसकी रचनाओं का संग्रह है?**
(a) कबीर (b) जायसी
(c) सूरदास (d) तुलसीदास

**48. 'पराजय' में उपसर्ग है-**
(a) प (b) पर (c) परा (d) जय

**49. 'लिखावट' में प्रत्यय है-**
(a) अट (b) वट (c) अवट (d) आवट

**50. महोत्सव का संधि-विच्छेद है-**
(a) महो + उत्सव (b) महा + उत्सव
(c) महि + उत्सव (d) म + उत्सव

**51. 'मैने घर जाना था' वाक्य में अशुद्ध अंश है-**
(a) मैने (b) घर (c) जाना (d) था

**52. 'देशभक्ति' में समास है-**
(a) द्वन्द (b) द्विगु
(c) तत्पुरूष (d) अव्ययीभाव

**53. 'पुस्तक पढ़ी जाती है।' में कौन-सा वाच्य है?**
(a) कर्तृ वाच्य (b) कर्म वाच्य
(c) भाव वाच्य (d) क्रिया वाच्य

**54. निम्नलिखित में से अव्यय है-**
(a) प्राचीन (b) मोटा (c) गरीब (d) और

**55. हिन्दी में पूर्ण - विराम का चिह्न है-**
(a) ! (b) . (c) । (d) ?

**56. 'दूध का धुला होना' मुहावरे का अर्थ है-**
(a) निर्दोष होना (b) दोषी होना
(c) पाप करना (d) चोरी करना

**57. 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' लोकोक्ति का सही अर्थ है-**
(a) शक्तिशाली आदमी मूर्ख होता है।
(b) शक्ति सम्पन्न आदमी अपना काम बना लेता है।
(c) बुद्धि सम्पन्न आदमी अपना काम बना लेता है।
(d) बुद्धि सम्पन्न आदमी चालाक होता है।

**58. वीर रस का स्थायी भाव है-**
(a) क्रोध (b) भय
(c) विस्मय (d) उत्साह

**59. 'दोहा' के प्रथम चरण में कितनी मात्राएं होती हैं?**
(a) 11 (b) 12 (c) 13 (d) 14

**60. निम्नलिखित में कौन-सा शब्दालंकार हैं?**
(a) उपमा (b) रूपक
(c) उत्प्रेक्षा (d) यमक

**61. निम्न में से तालव्य ध्वनि है-**
(a) ट (b) प (c) श (d) क

**62. निम्न में से कौन-सा वर्ण अघोष है?**
(a) क (b) ग (c) घ (d) ज

**63. निम्न में से कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग हैं?**
(a) उपहार (b) ग्रन्थ
(c) मस्तक (d) रचना

**64. निम्न में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग हैं?**
(a) इच्छा (b) राष्ट्र
(c) रक्षा (d) योग्यता

**65. किस शब्द का प्रयोग सदा बहुवचन में होता है?**
(a) लड़का (b) घोड़ा
(c) प्राण (d) वधू

**66. 'ने' किस कारक का चिह्न हैं?**
(a) कर्ता (b) कर्म
(c) करण (d) संप्रदान

**67. निम्नलिखित में सर्वनाम हैं-**
(a) घर (b) आप
(c) पहाड़ (d) नदी

**68. निम्नलिखित में विशेषण है-**
(a) लम्बाई (b) बुढ़ापा
(c) समझ (d) शांत

**69. प्रेरणार्थक क्रिया हैं-**
(a) गिरना (b) बोलना
(c) सुनाना (d) कहना

**70. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी हैं।' वाक्य का काल है-**
(a) सामान्य वर्तमान (b) पूर्ण वर्तमान
(c) संदिग्ध वर्तमान (d) संभाव्य वर्तमान

**71. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है-**
(a) अचरज (b) अंधकार
(c) अंगरक्षक (d) आशा

**72. 'शीत' का विलोम होगा-**
(a) ठण्ड (b) गीत (c) कृष्णा (d) उष्णा

**73. 'कर' का अर्थ नहीं होता है-**
(a) सूर्य (b) हाथ (c) किरण (d) टैक्स

**74. 'जो कठिनाई से मिलता है' के लिए एक शब्द होगा-**
(a) दुर्गम (b) दुर्लभ
(c) अगम (d) सुलभ

**75. 'अनिल-अनल' का सही अर्थ देने वाला शब्द युग्म है-**
(a) वायु - अग्नि (b) अग्नि - वायु
(c) हवा - पानी (d) आग – पानी

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता

**76. दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या लिखा जाएगा?**
A1Y25C3G7W23O?
(a) 20 (b) 16 (c) 15 (d) 18

**77. निम्नलिखित श्रृंखला में ऐसे कितने T हैं जिनके तुरंत पहले और बाद में 'E' हैं ?**
E T E T T M E E E T E T E T E T E T T E E T T T E E E T E T E T E T E T T E E T E
(a) 7 (b) 6 (c) 5 (d) 8

**78. दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या लिखा जाएगा ?**
8H24X7G15O17?
(a) T (b) R (c) Q (d) P

**79. दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न के स्थान पर क्या लिखा जाएगा?**
B2I9R18T20H?
(a) 6 (b) 7 (c) 8 (d) 9



Scanned with OKEN Scanner

80. क्रम a, b, b, c, c, c d, d, d, d, ____ का 29वां अक्षर क्या होगा?
(a) f (b) g (c) h (d) i

81. निम्नलिखित श्रृंखला में ऐसे कितने 'T' हैं जिनके तुरंत बाद 'IE' है?
E T I E T T M E E E T E I T E T E T T I E E T T I E T I E E E T E I T E T E T E T E I T E I E T I E
(a) 4 (b) 7 (c) 6 (d) 5

82. रमेश उत्तर की ओर जाता है, दाएं मुड़ता है, फिर से दाएं मुड़ता है और फिर बाएं जाता है। अब रमेश किस दिशा की ओर जा रहा है?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

83. सुनीता दक्षिण की ओर जाती है, बाएं मुड़ती है, फिर दाएं मुड़ती है और फिर बाएं जाती है। अब सुनीता किस दिशा की ओर जा रही है ?
(a) पूर्व (b) पश्चिम
(c) उत्तर (d) दक्षिण

84. दिए गए प्रश्न को पढ़े और यह निर्णय करें कि अनुसरण करने वाले कौन-से तर्क प्रभावशाली हैं।
प्रश्न :
भारत के किसी समृद्ध परिवार से न आने वाले किसी बच्चे को क्या अपने जुनून का अनुसरण करने देना चाहिए?
1. हां, इन दिनों यदि किसी बच्चे को अपनी अभिरूचि का अनुसरण करने दिया जाए, तो वह इसमें श्रेष्ठ हो सकता हैं यहाँ तक कि आर्थिक तौर पर भी।
2. नहीं, आज भी हमारे देश में मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली नहीं हैं और किसी को अपरंपरागत क्षेत्रों में स्थापित करना समय की बर्बादी हैं तथा यह आर्थिक रूप से भार डालने वाला हो सकता है।
(a) केवल तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) केवल तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) न तो तर्क 1 और न ही तर्क 2 प्रभावशाली हैं।
(d) तर्क 1 और तर्क 2 दोनों प्रभावशाली है।

85. दिए गए प्रश्न को पढ़ें और यह निर्णय करें कि अनुसरण करने वाले कौन-से तर्क प्रभावशाली हैं।
प्रश्न :
क्या माता-पिता को अपनी बेटियों को शिक्षित करने में उतना खर्च करना चाहिए जितना वे अपने बेटों को शिक्षित करने में खर्च करते हैं?
तर्क :
1. नहीं, लगभग सभी आंकड़े इस तथ्य को दर्शाते हैं कि लड़के लड़कियों से कहीं अधिक बुद्धिमान होते हैं।
2. नहीं, हलांकि लड़कियां बुद्धिमान हो सकती हैं, लेकिन माता-पिता को उनके विवाह के लिए अलग से धन रखना पड़ता है।
(a) केवल तर्क 1 प्रभावशाली है।
(b) केवल तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) ना तो तर्क 1 और ना ही तर्क 2 प्रभावशाली हैं।
(d) तर्क 1 और तर्क 2 दोनों प्रभावशाली है।

86. दिए गए प्रश्न को पढ़े और यह निर्णय करें कि अनुसरण करने वाले कौन-से तर्क प्रभावशाली हैं।
प्रश्न :
क्या किसी क्रिकेट टीम में मैच के दौरान एक से अधिक कप्तान होने चाहिए?
तर्क :
1. नहीं, किसी एक को मौके पर निर्णय लेने होते हैं और वहाँ इतना समय नहीं होता कि मैदान पर कप्तानों के बीच परस्पर विरोधी विचार होने पर उन्हें सुलझाया जाए यदि ऐसा परिदृश्य उपस्थित हो जाए।
2. हाँ, निर्णय लेने से पहले किसी निर्णय तक पहुंचने के लिए एक से अधिक मस्तिष्कों का होना हमेशा ही बेहतर होता है।
(a) केवल तर्क 1 प्रभावशाली हैं।
(b) केवल तर्क 2 प्रभावशाली है।
(c) ना तो तर्क 1 और ना ही तर्क 2 प्रभावशाली है।
(d) तर्क 1 और तर्क 2 दोनों प्रभावशाली हैं।

87. नीचे दी गई संख्याओं में से कौन-सी वर्ग संख्या नहीं है?
(a) 1225 (b) 2025
(c) 2525 (d) 4225

88. समीकरण को हल करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें-
$60 + 5 \times (16 - 8 + 2) + 3 = ?$
(a) 48 (b) 16
(c) 1 (d) 32

89. समीकरण को हल करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें-
$9.87 + 6.54 + 3.21 =$
(a) 19.62 (b) 18.62 (c) 19.72 (d) 18.52

90. सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें। $\frac{4}{5}$ और $\frac{2}{3}$ के बीच में अंतर क्या होगा?
(a) $\frac{4}{15}$ (b) $\frac{2}{15}$ (c) $\frac{2}{2}$ (d) $\frac{2}{5}$

91. सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें। 30, 60 और 72 का महत्तम समापवर्तक (एचसीएफ) होगा?
(a) 2 (b) 3 (c) 6 (d) 12

92. सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें। 15, 30 और 24 का लघुत्तम समापवर्त्य (एलसीएम) होगा-
(a) 60 (b) 240 (c) 180 (d) 120

93. यदि 21 चॉकलेट 5 : 2 के अनुपात में साझा की जाती हैं, तो छोटे हिस्से में कितनी चॉकलेट होंगी-
(a) 3 (b) 6 (c) 9 (d) 10

94. महिम ने एक परीक्षा में 175 में से 126 अंक प्राप्त किए। महिम द्वारा प्राप्त किए अंकों का प्रतिशत क्या हैं?
(a) 75 (b) 72 (c) 70.5 (d) 70

95. सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनें-
35 का 12% होगा?
(a) 4.6 (b) 4.4 (c) 4.2 (d) 4.05

96. रमेश एक वस्तु ₹434 में बेचकर 24% लाभ कमाता हैं। रमेश ने वह किस कीमत पर खरीदी थी?
(a) ₹ 350 (b) ₹ 360 (c) ₹ 340 (d) ₹ 375

97. 12% की छूट के बाद, एक खिलौना ₹132 में बेचा गया था। खिलौने का अंकित मूल्य क्या था?
(a) ₹ 140 (b) ₹175 (c) ₹ 150 (d) ₹160



Scanned with OKEN Scanner

**98. 4% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹2500 का 3 साल का ब्याज होगा?**

(a) ₹ 240 (b) ₹ 250 (c) ₹ 288 (d) ₹ 300

**99. 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर ₹1400 का 2 साल का ब्याज होगा?**

(a) ₹ 288 (b) ₹ 294 (c) ₹ 302 (d) ₹ 308

**100. रवि और रश्मि ने क्रमश: ₹ 150 और ₹ 200 एक व्यापार में निवेश किये। लेकिन रवि ने कुछ महीनों के बाद अपना धन वापस ले लिया। यदि 12 महीनों का लाभ रवि और रश्मि के बीच 1:2 के अनुपात में साझा किया गया, तो कितने महीने बाद रवि ने अपने रुपया वापस निकाले थे?**

(a) 4 (b) 6 (c) 8 (d) 10

**101. 18, 27 और एक अन्य तीसरी संख्या का औसत 30 हैं। तीसरी संख्या कौन-सी हैं?**

(a) 35 (b) 36 (c) 40 (d) 45

**102. व्यक्ति A किसी कार्य को 48 मिनट में पूरा कर सकता हैं, जबकि व्यक्ति B उसी कार्य को 60 मिनट में पूरा कर सकता हैं। अगर वे एक साथ उस कार्य को करें तो इसे पूरा करने में कितना समय लगेगा?**

(a) 26 मिनट 40 सेकेण्ड (b) 28 मिनट 20 सेकेण्ड
(c) 30 मिनट 45 सेकेण्ड (d) 32 मिनट 15 सेकेण्ड

**103. राजेश 5 मी/से की गति से पैदल चल सकता है या 20 मी/से की गति से साइकिल चला सकता है। वह परिवहन के दोनों तरीकों के संयोजन से 600 मी. की दूरी को तय करने के लिए 45 सेकेण्ड लेता हैं। राजेश ने साइकिल कितनी देर तक चलाई?**

(a) 15 सेकेण्ड (b) 20 सेकेण्ड
(c) 25 सेकेण्ड (d) 26 सेकेण्ड

**104. एक कमरे की लम्बाई, चौड़ाई और ऊँचाई 5 : 4 : 2 के अनुपात में हैं। यदि लंबाई 20% और चौड़ाई 25% बढ़ जाती हैं, जबकि ऊँचाई 25% कम हो जाती हैं, तो कमरे की चारो दीवारों का कुल क्षेत्रफल ........।**

(a) प्रारंभिक क्षेत्रफल का $\frac{1}{12}$ कम हो जायेगा

(b) प्रारंभिक क्षेत्रफल का $\frac{1}{5}$ बढ़ हो जायेगा

(c) प्रारंभिक क्षेत्रफल का $\frac{1}{12}$ बढ़ हो जायेगा

(d) प्रारंभिक क्षेत्रफल का $\frac{1}{5}$ कम हो जायेगा

**105. तुहिन और प्रणव किसी कार्य को अकेले क्रमश: 42 मिनट में और 70 मिनट में पूरा कर सकते हैं। कार्य की समाप्ति तक, तुहिन से शुरू करते हुए दोनों बारी-बारी एक-एक मिनट काम किए। केवल अंत में काम करने वाले को अपनी अंतिम पारी में एक मिनट में कम समय हेतु काम करने की अनुमति हैं। कार्य पूरा करने में इन दोनों को कितना समय लगेगा?**

(a) 53 मिनट (b) 52 मिनट 24 सेकण्ड
(c) 52 मिनट 30 सेकण्ड (d) 52 मिनट 40 सेकण्ड

**106.रविंद्र रोज सुबह 8.00 बजे घर से निकलता हैं। और 9 : 30 बजे कार्यालय पहुंचता हैं। एक दिन उसने अपना घर 8.00 बजे छोड़ा, लेकिन सामान्य गति से 3/4 की गति पर एक-तिहाई दूरी की यात्रा पूरी की। अगर वह समय पर कार्यालय पहुँच गया तो रवीन्द्र ने अपनी सामान्य गति से कितने गुना गति पर यात्रा के शेष हिस्से में यात्रा की?**

(a) 4/3 (b) 5/4 (c) 6/5 (d) 3/2

**107. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म नीचे दिए गए शब्दों के मध्य संबंध से निकटतम समानता रखता हैं?**

**घी : वनस्पति**

(a) दूध : पानी (b) दूध : चाय
(c) दूध : दही (d) दूध : पनीर

**108. जिस प्रकार 'सद्‌गुण' 'दया' से संबंधित हैं, उसी प्रकार 'अवगुण' .................. से संबंधित हैं-**

(a) शोक (b) क्रूरता
(c) करूणा (d) भावना

**109. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म नीचे दिए गए शब्दों के मध्य संबंध से निकटतम समानता रखता हैं?**

**गजल : कविता**

(a) झूठ : कपट (b) पाठ : पुस्तक
(c) किवंदती : कहानी (d) शिक्षक : महाविद्यालय

**110. जिस प्रकार 'BEHK' 'DGJM' से संबंधित हैं उसी प्रकार 'NQTW' .............. से संबंधित हैं-**

(a) PRTV (b) ORTU
(c) PSVY (d) PRUX

**111. उस विकल्प को चुनें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित हैं।**

**कुल्हाड़ी : लकड़हारा : : सुई : ?**

(a) कसाई (b) बढ़ई
(c) दर्जी (d) रंगसाज (पेंटर)

**112.निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म नीचे दिए गए शब्दों के मध्य संबंध से विपरीत हैं?**

**घृणा : प्रेम**

(a) सदाचार : दुराचार (b) पसंद : नापसंद
(c) मित्र : शत्रु (d) सकुशल : सुरक्षित

**113. उस विकल्प को चुनें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित हैं।**

**चिकित्सक : रोगी : : शिक्षक : ?**


(a) बच्चे (b) विद्यार्थी
(c) विद्यालय (d) कक्षा




Scanned with OKEN Scanner

# मानसिक अभिरूचि, बुद्धिलब्धि एवं तार्किकता


**114. उस वेन आरेख का चयन करें, जो नीचे दिए गए तीन वर्गों के संबंध की व्याख्या सबसे बेहतर तरीके से करता है।**
**खेल, फुटबॉल, छिपकली**




**115. उस वेन आरेख का चयन करें, जो नीचे दिए गए तीन वर्गों के संबंध की व्याख्या सबसे बेहतर तरीके से करता हैं।**
**कलम, पेंसिल, कागज,**




**116. चित्र (A) से लेकर (E) तक में से सबसे असंगत चित्र की पहचान करें जब किसी दर्पण को AB पर रखा जाये।**




(a) A (b) B (c) C (d) D

**117. दिए गए शब्द युग्म एक विशेष सम्बन्ध साझा करते हैं।**
**व्यायाम : तंदुरुस्ती**
**विकल्पों में दिए गए शब्द युग्मों में से कौन इसी प्रकार के सम्बन्ध को साझा करते हैं?**

(a) बारिश : फसल (b) अभ्यास : निपुणता
(c) त्याग : सम्मान (d) धन : आनंद

**118. निम्न में से कौन-सा त्रिक (3, 16, 125) से अधिक साम्यता रखता है ?**

(a) (2, 8, 81) (b) (5, 36, 343)
(c) (6, 36, 144) (d) (7, 64, 256)


**119. दिए गए चार युग्मों में से सबसे अलग युग्म को पहचानें।**

(a) कंपनी : कर्मचारी (b) टीम : खिलाड़ी
(c) समुद्र : जहाज (d) वन : वृक्ष

**120. दिए गए चित्र के दर्पण प्रतिबिम्ब का उत्तर विकल्प चित्र में से चयन करें।**

उत्तर विकल्प चित्र :





(a) A (b) B (c) C (d) D

**121. निम्न समूह में से सबसे अलग कौन हैं?**
**मीटर, मील, फर्लांग, एकड़, यार्ड**

(a) मीटर (b) मील (c) फर्लांग (d) एकड़


**122. दिए गए चार युग्मों में से सबसे अलग युग्म को पहचानें।**

(a) सामाजिक विज्ञान : भौतिकी (b) गणित : बीजगणित
(c) विश्वविद्यालय : हावर्ड (d) फल : केला

**123. सही विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से ठीक उसी प्रकार से संबंधित हो जैसे दूसरा पद पहले पद से संबंधित है ?**
**लकड़ी : खंड : : ब्रेड : ?**


(a) मक्खन (b) चुरा
(c) स्लाइस (d) केक

**124. दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को पहचानें जो पहले चित्र का जल प्रतिबिम्ब हो।**





(a) A (b) B (c) C (d) D


**125. दिए गए चार चित्रों में से सबसे अलग चित्र को पहचानें।**




(a) A (b) B (c) C (d) D

**126. यहाँ दिए गए चित्र को किनारों से मोड़कर एक घन बनाया गया हैं। उस विकल्प का पता लगाएँ जो इस प्रकार से बने घन के सतहों को सही ढंग से दर्शाता हैं।**












Scanned with OKEN Scanner


127. दिए गए विकल्पों में से चित्र 3 किस से ठीक उसी प्रकार से सम्बन्धित है जैसे कि चित्र 2 चित्र 1 से संबंधित है ?



(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

128. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है उनमें से कौन-सा/से पूर्वानुमान तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता/ते है/हैं।

कथन : हाल ही में एक महिला को दहेज के लिए पीटकर मार दिया गया था।


पूर्वानुमान : I. दहेज की मांग करना समाज की एक बुरी प्रथा है।

II. हमारे देश में महिलाओं की वर्तमान स्थिति अभी भी दयनीय है।


(a) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है।
(b) ना पूर्वानुमान I और ना II अंतर्निहित हैं।
(c) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है।
(d) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं।

129. दिए गए विकल्पों में से चित्र 3 किससे ठीक उसी प्रकार से संबंधित हैं जैसे कि चित्र 2 चित्र 1 से सम्बन्धित है?




(a) 


(b) 


(c) 


(d) 

130. दिए गए विकल्पों में से सबसे अलग विकल्प (चित्र) को पहचानें।

(a) 

(b) 

(c) 

(d) 

131. नीचे कुछ कथन और निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानें (इसके बावजूद कि वे सामान्यत: गलत प्रतीत हों) और निष्कर्षों का अध्ययन करें और यह बताएं कि कौन-सा निष्कर्ष तार्किक और निश्चित रूप से कथनों से मेल खाता हैं।

कथन :

1. कोई भी खिड़की मछली नहीं है।
2. सभी मछली इन्सान है।

निष्कर्ष :

1. कोई भी खिड़की इन्सान नहीं है।
2. कोई भी इन्सान खिड़की नहीं है।
3. कुछ इन्सान मछली हैं।
4. सभी इन्सान मछली हैं।

(a) सभी निष्कर्ष 2 और 4 सहमत (मेल खाता) है।
(b) सिर्फ निष्कर्ष 1 और 3 (मेल खाता) सहमत है।
(c) सिर्फ निष्कर्ष 3 सहमत (मेल खाता) है।
(d) सभी चारों निष्कर्ष सहमत (मेल खाता) है।

132. नीचे कुछ कथन और निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य माने (इसके बावजूद कि वे सामान्यत: गलत प्रतीत हों), निष्कर्षों का अध्ययन करें और यह बताए कि कौन-सा निष्कर्ष तार्किक और निश्चित रूप से मेल खाता है।

कथन :

(1) कुछ चॉक/खड़िया डस्टर हैं।
(2) सभी डस्टर बोर्ड हैं।

निष्कर्ष :

1. कुछ चॉक/खड़िया बोर्ड हैं।
2. कोई भी डस्टर बोर्ड नहीं हैं।

(a) सिर्फ निष्कर्ष I सहमत (मेल खाता) है।
(b) सिर्फ निष्कर्ष II सहमत (मेल खाता) है।
(c) न तो I और न ही II सहमत (मेल खाता) हैं।
(d) I और II दोनों ही सहमत (मेल खाता) है।

133. नीचे कुछ कथन और निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानें (इसके बावजूद कि वे सामान्यत: गलत प्रतीत हों), निष्कर्षों का अध्ययन करें और यह बताएं कि कौन-सा निष्कर्ष तार्किक और निश्चित रूप से कथनों से मेल खाता हैं।

कथन :

1. कुछ डेस्क टोपियाँ है।
2. कोई भी टोपी काली नहीं है।

निष्कर्ष :

I. कुछ टोपियाँ डेस्क हैं।
II. कोई भी डेस्क काली नहीं हैं।

(a) सिर्फ निष्कर्ष I सहमत (मेल खाता) हैं।
(b) सिर्फ निष्कर्ष II सहमत (मेल खाता) हैं।
(c) I और II दोनों ही सहमत (मेल खाता) हैं।
(d) न तो I और न ही II सहमत (मेल खाता) है।

134. अनुपस्थित संख्या ज्ञात करें :

2, 10, 30, 68, ?

(a) 101 (b) 102 (c) 130 (d) 104



Scanned with OKEN Scanner

**135.** निम्नलिखित संख्या-श्रृंखला में अनुपस्थित संख्या ज्ञात करें-
**4, 17, 34, 53, 76, ?**
(a) 105 (b) 85 (c) 95 (d) 103

**136.** उस विकल्प को चुनें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।
थर्मामीटर : तापमान :: ऐमीटर : ?
(a) वोल्टमीटर (b) धारा (c) द्रव्यमान (d) ऊर्जा

**137.** दी गई श्रृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?
**0, 2, 6, 12, 20, 30, 42, ?**
(a) 64 (b) 50 (c) 56 (d) 60

**138.** उस विकल्प को चुनें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित हैं।
चिकित्सक : रोगी : : वकील : ?
(a) न्यायाधीश (b) न्यायालय (c) अभियोक्ता (d) बैरिस्टर

**139.** उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित हो जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।
**226 : 15 : : 65 : ?**
(a) 13 (b) 4 (c) 12 (d) 8

**140.** निम्नलिखित संख्या-क्रम को पूर्ण करें ।
**2, 5, 10, 17, 26, 37, ?**
(a) 40 (b) 42 (c) 49 (d) 50

**141.** यदि किसी निश्चित कूट भाषा में BAN को कोड DCP होता है तो PAPA का कोड क्या होगा ?
(a) RARA (b) CAAA (c) ACCC (d) RCRC

**142.** एक निश्चित कूट भाषा में, FILE को 7465 और IDEAL को 43586 लिखा जाता हैं। इस कूट भाषा में DEAF को क्या लिखा जाएगा?
(a) 3478 (b) 3588 (c) 3587 (d) 4578

**143.** यदि TRUTH का कोड SUQSTVSUGI होता है, तो LIES का कोड क्या होगा?
(a) KMJHDFTR (b) KMHJDFRT
(c) HJDFRTKM (d) KMJHFDTR


**144.** किसी कूट भाषा में यदि BUTTER का कोड EXWWHU और MILK का कोड PLON होता है, तो इस कूट भाषा में EARTH को कैसे लिखा जाएगा?
(a) HDWUK (b) HDUWK
(c) KHDUW (d) KHUWD

**145.** मनमोहन, प्रवीण का भाई हैं। प्रवीण की एकमात्र बहन की माँ की माँ मनमोहन से किस प्रकार संबंधित हैं?
(a) नानी (b) बहन (c) बुआ (d) ममेरी बहन


**146.** एक फोटोग्राफ की ओर संकेत करते हुए सविता कहती है, "वह मेरे दादा के एकमात्र बेटे का बेटा हैं"। फोटोग्राफ वाला पुरुष सविता से किस प्रकार संबंधित हैं?
(a) भाई (b) पिता (c) पुत्र (d) चाचा

**147.** एक महिला की ओर संकेत करते हुए गीता कहती हैं, "यह मेरी दादी की एकमात्र संतान की बेटी हैं"। महिला गीता से किस प्रकार संबंधित हैं?
(a) भतीजी (b) ममेरी बहिन (c) बहिन (d) माँ

**148.** दी गई श्रृंखला में अगली आकृति क्या होगी ?




**149.** असंगत आकृति की पहचान करें।




**150.** उस वेन आरेख का चयन करें, जो नीचे दिए गए तीन वर्गों के संबंध की व्याख्या सबसे बेहतर तरीके से करता हैं।
पक्षी, मछली, मुर्गी



(a) (b) (c) (d)

## उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 20. (d) | 39. (b) | 58. (d) | 77. (d) | 96. (a) | 115. (a) | 134. (c) |
| 2. (c) | 21. (c) | 40. (d) | 59. (c) | 78. (c) | 97. (c) | 116. (d) | 135. (a) |
| 3. (d) | 22. (b) | 41. (c) | 60. (d) | 79. (c) | 98. (d) | 117. (b) | 136. (b) |
| 4. (a) | 23. (d) | 42. (c) | 61. (c) | 80. (c) | 99. (b) | 118. (b) | 137. (c) |
| 5. (a) | 24. (d) | 43. (d) | 62. (a) | 81. (d) | 100. (c) | 119. (c) | 138. (c) |
| 6. (b) | 25. (d) | 44. (c) | 63. (c) | 82. (a) | 101. (d) | 120. (c) | 139. (d) |
| 7. (b) | 26. (d) | 45. (a) | 64. (b) | 83. (a) | 102. (a) | 121. (d) | 140.(d) |
| 8. (d) | 27. (d) | 46. (b) | 65. (c) | 84. (d) | 103. (c) | 122. (a) | 141. (d) |
| 9. (c) | 28. (a) | 47. (a) | 66. (a) | 85. (c) | 104. (a) | 123.(c) | 142. (c) |
| 10. (d) | 29. (c) | 48. (c) | 67. (b) | 86. (a) | 105. (d) | 124. (a) | 143. (b) |
| 11. (b) | 30. (c) | 49. (d) | 68. (d) | 87. (c) | 106. (c) | 125. (a) | 144. (b) |
| 12. (a) | 31. (c) | 50. (b) | 69. (c) | 88. (a) | 107. (c) | 126. (a) | 145. (a) |
| 13. (a) | 32. (d) | 51. (a) | 70. (b) | 89. (a) | 108. (b) | 127. (b) | 146. (a) |
| 14. (c) | 33. (d) | 52. (c) | 71. (a) | 90. (b) | 109. (c) | 128. (d) | 147. (c) |
| 15. (d) | 34. (c) | 53. (b) | 72. (d) | 91. (c) | 110. (c) | 129. (b) | 148. (a) |
| 16. (d) | 35. (b) | 54. (a) | 73. (a) | 92. (d) | 111. (c) | 130. (c) | 149. (d) |
| 17. (c) | 36. (c) | 55. (c) | 74. (b) | 93. (b) | 112. (a) | 131. (c) | 150. (a) |
| 18. (c) | 37. (b) | 56. (a) | 75. (a) | 94. (b) | 113. (b) | 132. (a) | |
| 19. (d) | 38. (c) | 57. (b) | 76. (c) | 95. (c) | 114. (a) | 133. (a) | |



Scanned with OKEN Scanner

## संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परिक्षण का हल

**76. (c)** A → 1 Y → 25
C → 3 G → 7
W → 23 O → [ ]

अक्षरों को उनके स्थानीय मान के अंकों के आधार पर लिखा गया है। O का स्थान 15 होगा।

**77. (d)** दिये गये प्रश्न में T के पहले और बाद में E, 8 बार आया है।


**78. (c)** 8 H 24 X 7 G 15 0 17 ?
8 → H 24 → X
7 → G 15 → O
17 → [Q]
अक्षरों के आंकिक मान के आधार पर 17 का Q मान है।

**79. (c)** B → 2 I → 9
R → 18 T → 20
H → [8]

**80. (c)** a b,b c,c,c, d,d,d,d ----------
↓ ↓ ↓ ↓
1 2 3 4
e, e, e, e, e f,f,f,f,f,f g,g,g,g,g,g,g
↓ ↓ ↓
5 6 7
अत: 1+ 2+ 3+ 4 + 5+ 6 + 7 = 28
अर्थात् 29 वाँ अक्षर H होगा।


**81. (d)** दिये गये श्रृंखला में अक्षर T के पश्चात् I E 5 बार आया है। E TIE T T M E E E T E I T E T E T TIE E T TIE TIE E E T E I T E T E T E I T E I E TIE

**82. उत्तर : (a)**




प्रश्नानुसार, चलते हुए रमेश पूर्व दिशा में चल रहा है।

**83. (a)**




प्रश्नानुसार, सुनीता चलना प्रारंभ करती है। अंतत: वह पूरब दिशा की ओर जा रही है।

**84.(d)** बच्चे को अपनी अभिरूचि के अनुसार क्षेत्र चयन की स्वतंत्रता देने पर वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकता है। अपरंपरागत क्षेत्र उसके मानसिक अभिरूचि के विपरीत होने पर उसका विकास रूक सकता है। अत: समृद्ध परिवार से न होने के बावजूद बालक की व्यक्तिगत स्वतंत्रता में बाधक नहीं बनना चाहिए।

**85. (c)** न तो तर्क I और ना ही तर्क II प्रभावशाली है।
**कथन-2.** के अनुसार, समाज में दहेज जैसे कुरीतियों का विरोध कर हम शादी के लिए धन संचय से बच सकते हैं।अत: दोनों कथन अनुपयुक्त है।

**86. (a)** खेल के मैदान में एक से अधिक कप्तानों को रखने पर विरोधी विचार उत्पन्न होने पर समयानुसार सही और उचित निर्णय लेना संभव नहीं होगा। अत: कथन-I उपयुक्त है, कथन-II नहीं।

**87. (c)** $1225 = 35 \times 35 = (35)^2$
$2025 = 45 \times 45 = (45)^2$
$4225 = 65 \times 65 = (65)^2$
$2525 =$ किसी संख्या का वर्ग नहीं है।

**88. (a)** $60 \div 5 \times (16 - 8 \div 2) \div 3$
$60 \div 5 \times (16 - 4) \div 3$
$60 \div 5 \times 12 \div 3$
$60 \div 5 \times 4 \Rightarrow 12 \times 4 = 48$

**89. (a)** $9.87 + 6.54 + 3.21 = 19.62$

**90. (b)** $\frac{4}{5} - \frac{2}{3} = \frac{12-10}{15} \Rightarrow \frac{2}{15}$

**91. (c)** $30 = 2 \times 3 \times 5,\quad 60 = 2 \times 2 \times 3 \times 5$
$72 = 2 \times 2 \times 2 \times 3 \times 3$
महत्तम समापवर्तक $= 2 \times 3 = 6$

**92. (d)**

| | |
|---|---|
| 3 | 15, 30, 24 |
| 2 | 5, 10, 8 |
| 5 | 5, 5, 4 |
| | 1, 1, 4 |

$= 3 \times 2 \times 5 \times 4 = 120$

**93. (b)** $5x + 2x = 21$
$7x = 21 \Rightarrow x = \frac{21}{7} = 3$
$\therefore$ छोटा भाग $= 2x = 2 \times 3 = 6$

**94. (b)** महिम द्वारा प्राप्त अंक का प्रतिशत $(x\%)$ -
175 का $x\% = 126$
$\frac{175 \times x}{100} = 126$
$\Rightarrow x = \frac{126 \times 100}{175} = 72\%$

**95. (c)** $\frac{35 \times 12}{100} = \frac{7 \times 12}{20} \Rightarrow \frac{7 \times 3}{5} = \frac{21}{5} \Rightarrow 4.2$

**96. (a)** (I) माना क्रय मूल्य $= x$ रु.
प्रश्नानुसार
$x + x$ का $24\% = 434$
$\Rightarrow x + \frac{x \times 24}{100} = 434, \Rightarrow x + \frac{6x}{25} = 434$
$\Rightarrow \frac{25x + 6x}{25} = 434, \Rightarrow \frac{31x}{25} = 434$
$\Rightarrow x = \frac{434 \times 25}{31} =$ ₹. 350

**द्वितीय विधि :**

क्रय मूल्य $= \frac{\text{विक्रय मूल्य}}{100 + \text{लाभ\%}} \times 100$
$= \frac{434}{100 + 24} \times 100 \Rightarrow \frac{434}{124} \times 100 =$ ₹. 350

**97. (c)** अंकित मूल्य $= \frac{\text{वि.मू.} \times 100}{100 - \text{छूट\%}}$
$= \frac{132 \times 100}{100 - 12} = \frac{132 \times 100}{88} =$ ₹. 150



Scanned with OKEN Scanner

**98. (d)** दर = 4%, समय = 3 वर्ष, मूलधन = ₹. 2500

$$\text{ब्याज} = \frac{\text{मूलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$$

$$= \frac{2500\times3\times4}{100} = ₹.\ 300$$

**99. (b)** $\text{मिश्रधन} = \text{मू.}\left(1+\frac{\text{दर}}{100}\right)^{\text{समय}}$

$$= 1400\left(1+\frac{10}{100}\right)^2, = 1400\left(\frac{11}{10}\right)^2$$

$$= 1400 \times \frac{11}{10}\times\frac{11}{10} = ₹.\ 1694$$

∴ चक्रवृद्धि ब्याज = 1694 - 1400 = ₹. 294

**100.** (c) साझा में लाभ पूंजी और समय के अनुसार मिलता है।

रश्मि की पूंजी × समय = 200 × 12

रवि की पूंजी = 150 × $x$

प्रश्नानुसार, $\frac{150x}{200\times12} = \frac{1}{2}, \Rightarrow x = \frac{200\times12}{150\times2} = 8$ माह

**101.** (d) $\frac{18+27+x}{3} = 30$

$45 + x = 30 \times 3, \quad x = 90 - 45 = 45$

**102.** **(a)** A का 1 मिनट का कार्य = $\frac{1}{48}$ भाग

B का 1 मिनट का कार्य = $\frac{1}{60}$ भाग

(A+B) का 1 मिनट का कार्य = $\frac{1}{48}+\frac{1}{60} = \frac{5+4}{240} = \frac{9}{240}$

∴ (A+B) द्वारा पूरा कार्य = $\frac{1}{9/240} = \frac{240}{9} = 26$ मिनट, 40 सेकण्ड

**103. (c)** राजेश $x$ किमी. साइकिल चलाया

∴ साइकिल द्वारा तय की गयी दूरी चलने में लगा समय $(t_1) = \frac{x}{20}$

पैदल चली गयी दूरी = 600 - $x$ ∴ समय $(t_2) = \frac{600-x}{5}$

∴ कुल समय $(t) = t_1 + t_2$

$$\frac{x}{20}+\frac{600-x}{5} = 45, \quad \frac{x+4(600-x)}{20} = 45$$

$$\frac{x+2400-4x}{20} = 45, \quad x + 2400 - 4x = 900$$

$$-3x + 2400 = 900,\ 3x = 1500,\ x = \frac{1500}{3} = 500$$

साईकिल के लिए समय = 500/20 = 25 सेकण्ड

**104. (a)** कमरे की चारो दीवारों का क्षेत्रफल- = 2 (लंबाई + चौड़ाई) × ऊँचाई, कमरे की लं. : चौ. : ऊं. = 5 : 4 : 2

लं., चौ., ऊं. = 500, 400, 200

अतः क्षेत्रफल = 2 (500 + 400) × 200 = 2 × 900 × 200 = 360000, लं. में 20% की वृद्धि, चौ. में 25% की वृद्धि ऊं. में 25% की कमी

$$\text{क्षेत्रफल} = 2\left(500\times\frac{120}{100}+400\times\frac{125}{100}\right)\times200\times\frac{75}{100}$$

$$= 2\,(600 + 500) \times 150, \ = 2 \times 1100 \times 150 = 330000$$

∴ कमरे का क्षेत्रफल में परिवर्तन = $\frac{360000-330000}{360000} = \frac{30000}{360000} = \frac{1}{12}$ कम हो जायेगा।

**105. (d)** तुहिन ने 1 मिनट में किया = $\frac{1}{42}$ भाग

प्रणव ने 1 मिनट में किया = $\frac{1}{70}$ भाग

∴ दोनों ने 1 मिनट में किया कार्य =

$$\frac{1}{42}+\frac{1}{70} = \frac{5+3}{210} = \frac{8}{210}$$

दोनों द्वारा 26 मिनट में कार्य किया = $\frac{8}{210}\times26 = \frac{104}{105}$

∴ शेष कार्य = 1 - $\frac{104}{105} = \frac{1}{105}$

∴ प्रणव $\frac{1}{70}$ भाग काम 1 मिनट में करता है।

∴ प्रणव $\frac{1}{105}$ भाग काम = $\frac{1}{105}\times70 = \frac{70}{105}$ मिनट

∴ समय = $\frac{70}{105}\times60 = \frac{4200}{105} = 40$ सेकण्ड

∴ कार्य पूरा करने में लगा समय-

= 2 × 26 + 40 = 52 मिनट, 40 सेकण्ड

**106. (c)** दूरी = चाल × समय

माना कुल दूरी = $x$, चाल = v हो तो

चाल (v) = $\frac{x}{3/2}$ = $\Rightarrow \frac{x}{v} = \frac{3}{2}$

$$\Rightarrow \frac{\frac{x}{3}}{\frac{3v}{4}}+\frac{\frac{2}{3}x}{x\times v} = \frac{3}{2}$$

$$\Rightarrow \frac{x}{3}\times\frac{4}{3v}+\frac{2x}{3xv} = \frac{3}{2},\ \Rightarrow \frac{4x}{9v}+\frac{2}{3xv} = \frac{3}{2}$$

$$\frac{x}{v}\left[\frac{4}{9}+\frac{2}{3x}\right] = \frac{3}{2},\ \frac{x}{v} = \frac{3}{2} \quad \text{अतः} \quad \frac{3}{2}\left[\frac{4}{9}+\frac{2}{3x}\right] = \frac{3}{2}$$

$$\frac{4}{9}+\frac{2}{3x} = 1 \ \Rightarrow \frac{2}{3x} = 1-\frac{4}{9}$$

$$\frac{2}{3x} = \frac{9-4}{9} = \frac{5}{9},\ \Rightarrow 3x\times5 = 2\times9$$

$$x = \frac{2\times9}{3\times5} = \frac{6}{5}$$

**107. (c )** जिस प्रकार घी संबंध वनस्पति से है उसी प्रकार दूध का संबंध पानी से हैं।

**108. (b)** जिस प्रकार सद्गुण से दया आती है। उसी प्रकार अवगुण से क्रूरता आती है।

**109. (c)** जिस प्रकार गजल का संबंध कविता से है उसी प्रकार किवदंती का संबंध कहानी से है।



Scanned with OKEN Scanner

**110. (c)** जिस प्रकार,

B E H K
(+2, +2, +2, +2)
D G J M

उसी प्रकार,


N Q T W
(+2, +2, +2, +2)
P S V Y

**111. (c)** कुल्हाड़ी से लकड़हारा लकड़ी काटता है इसी प्रकार सुई से दर्जी सिलने का कार्य करता है।

**112. (a)** घृणा का विपरीत प्रवृति प्रेम है। इसी प्रकार सदाचार का विपरीत प्रवृति दुराचार है।

**113. (b)** चिकित्सक रोगी का इलाज करता है इसी प्रकार शिक्षक विद्यार्थी को पढ़ाता है।

**114. (a)** खेल, फुटबॉल तथा छिपकली के लिए वेन आरेख-




अत: विकल्प (a) सही है।

**115. (a)** कलम, पेंसिल तथा कागज के लिए उचित आरेख-




**116. (d)**




दर्पण AB के प्रत्यक्ष रखने पर Я से R अर्थात् सीधा R ᗡ से D अर्थात् सीधा D, Ǝ से E तथा Я से R बना रहा है ये सभी एक दूसरे के उल्टे हैं, जबकि b से d बन रहा है, और ये दोनों अलग-अलग अक्षर हैं।

**117. (b)** जिस प्रकार 'व्यायाम' करने से लोगों में 'तंदरुस्ती' आती है, उसी प्रकार किसी चीज का 'अभ्यास' करने से उसमें 'निपुणता' आती है।

**118. (b)** जिस प्रकार

3 → 16 → 125

$3+1=(4)^2$  $4+1=(5)^3$

उसी प्रकार

5 → 36 → 343

$5+1=(6)^2$  $6+1=(7)^3$

**119. (c)** कंपनी में कर्मचारी होते हैं, किसी खेल टीम में खिलाड़ी होते हैं तथा वन में वृक्ष पाये जाते हैं समुद्र में खारा पानी होता है जबकि जहाज हो भी सकते हैं और नहीं भी।


**120. (c)** विकल्प (c) की आकृति ही प्रश्न-आकृति का सही प्रतिबिम्ब बनेगा।

**121. (d)** मीटर, मील, फर्लांग तथा यार्ड दूरी या लम्बाई के मापक/मात्रक हैं जबकि एकड़ से भूमि के क्षेत्रफल मापा जाता है।

**122. (a)** बीजगणित, गणित का एक प्रकार है, केला भी एक फल है, हावर्ड एक विश्वविद्यालय है जबकि सामाजिक विज्ञान तथा भौतिकी अलग-अलग वर्ग के विषय हैं।

**123. (c)** जिस प्रकार 'लकड़ी' के छोटे-छोटे भाग को 'खंड' कहा जाता है उसी प्रकार 'ब्रेड' के छोटे-छोटे भाग को 'स्लाइस' कहा जाता है।

**124. (a)**



अत: विकल्प (a) की आकृति ही प्रश्न-आकृति का सही जल प्रतिबिम्ब है।

**125. (a)** त्रिभुज में तीन भुजाएं हैं तथा उसके अन्दर तीन तीलियाँ हैं, पंचभुज में पांच भुजाएं तथा उसके अन्दर पांच तीलियां हैं चतुर्भुज में चार भुजाएं हैं तथा उसके अन्दर चार तीलियाँ हैं, जबकि विकल्प (a) की आकृति षट्भुज में छ: भुजाएं और उसके अन्दर छ: तीलियों के स्थान पर केवल चार तीलियां हैं।

**126. (a)** खुले हुए पासे में-

X का विपरीत ●

+ का विपरीत □

O का विपरीत ⊠

चूंकि पासे में विपरीत फलकें एक साथ नहीं दिखायी दे सकते। अत: विकल्प (a) का पासा उचित है।


**127. (b)** जिस प्रकार × और Δ, $90^0$ Anticlockwise घूमकर वर्ग के अन्दर आ रहे हैं, उसी प्रकार L और Z भी $90^0$ Anticlockwise घूमकर वर्ग अन्दर आ जाएंगे।

**128. (d)** दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं।

**129. (b)** जिस प्रकार आकृति (1) का $\frac{1}{4}$ भाग रंगा गया है उसी प्रकार आकृति (2) का $\frac{2}{8}=\frac{1}{4}$ भाग रंगा गया है। जिस प्रकार आकृति (3) का $\frac{1}{3}$ भाग सफेद है, उसी प्रकार आकृति (4) अर्थात् विकल्प (b) का $\frac{2}{6}=\frac{1}{3}$ भाग सफेद है। अत: विकल्प (b) सही है।


**130. (c)** विकल्प (a), (b) तथा (d) में बिन्दुओं का योग 14 अर्थात् सभी में बराबर-बराबर है जबकि विकल्प (c) की आकृति में कुल 13 बिन्दु हैं। अत: यह भिन्न हैं।

**131. (c)**




उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सिर्फ निष्कर्ष 3 सहमत (मेल खाता) है।

**132. (a)**





उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सिर्फ निष्कर्ष I सहमत (मेल खाता) है।



Scanned with OKEN Scanner

**133. (a)**




उपर्युक्त आरेख से स्पष्ट है कि सिर्फ निष्कर्ष I सहमत (मेल खाता) है।

**134. (c)**

| 2 | 10 | 30 | 68 | 130 |
|---|---|---|---|---|
| ↑ | ↑ | ↑ | ↑ | ↑ |
| $(1)^3+1$ | $(2)^3+2$ | $(3)^3+3$ | $(4)^3+4$ | $(5)^3+5$ |

**135. (a)**

4 → 17 → 34 → 53 → 76 → **105**

+13 +17 +19 +23 +29

(प्रत्येक में अगली अभाज्य संख्या जोड़ी गयी है)

**136. (b)** जिस प्रकार 'थर्मामीटर' का प्रयोग 'तापमान' का मापने के लिए किया जाता है, उसी प्रकार 'एमीटर' का प्रयोग 'विद्युत धारा' मापने के लिए किया जाता है।

**137. (c)**

0 → 2 → 6 → 12 → 20 → 30 → 42 → **56**

+2 +4 +6 +8 +10 +12 +14

**138. (c)** जिस प्रकार 'चिकित्सक' का कार्य होता है 'रोगी' का इलाज करना, उसी प्रकार 'वकील' का कार्य होता है 'अभियोक्ता' के मामलों का न्यायालय में पैरवी करना।

**139. (d)** जिस प्रकार $226 - 1 = \sqrt{225} = 15$

उसी प्रकार $65 - 1 = \sqrt{64} = 8$

**140. (d)**

2 → 5 → 10 → 17 → 26 → 37 → **50**

+3 +5 +7 +9 +11 +13

विषम संख्याओं को जोड़ा गया है।

**141. (d)** जिस प्रकार

B (+2↓) D, A (+2↓) C, N (+2↓) P

उसी प्रकार

P (+2↓) R, A (+2↓) C, P (+2↓) R, A (+2↓) C

**142. (c)** जिस प्रकार

F→ 7 तथा I → 4 D →3
I → 4 D →3 E→5
L→ 6 E →5 A→8
E→ 5 A → 8 F→7
L → 6

उसी प्रकार

**143. (b)** जिस प्रकार,

| U | S | V | U | I |
|---|---|---|---|---|
| +1↑ | +1↑ | +1↑ | +1↑ | +1↑ |
| T | R | U | T | H |
| -1↓ | -1↓ | -1↓ | -1↓ | -1↓ |
| S | Q | T | S | G |

उसी प्रकार,

| M | J | F | T |
|---|---|---|---|
| +1↑ | +1↑ | +1↑ | +1↑ |
| L | I | E | S |
| -1↓ | -1↓ | -1↓ | -1↓ |
| K | H | D | R |

अत: L I E S ⇒ K M H J D F R T होगा।

**144. (b)** जिस प्रकार

| B | U | T | T | E | R |
|---|---|---|---|---|---|
| +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ |
| E | X | W | W | H | U |


तथा

| M | I | L | K |
|---|---|---|---|
| +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ |
| P | L | O | N |

जिस प्रकार


| E | A | R | T | H |
|---|---|---|---|---|
| +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ | +3↓ |
| H | D | U | W | K |

**145. (a)**





उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि प्रवीण की बहन की मां की मां मनमोहन की नानी है।

**146. (a)**




उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि फोटोग्राफ उसके भाई की है।

**147. (c)**





उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि महिला, गीता की बहन है।

**148. (d)** जिस प्रकार वृत को त्रिभुज के अन्दर करके रंगीन किया गया है उसी प्रकार वर्ग को वृत्त के अन्दर करके रंगीन कर दिया जाएगा। अत: विकल्प (a) सही होगा।

**149. (d)** विकल्प (d) में TICK MARK के बीच में कोई वृत्त नहीं है, जबकि अन्य विकल्पों में दो वृत्तों के बीच एक TICK MARK है।

**150 (a)** पक्षी, मछली, मुर्गी के लिए उचित आरेख-






Scanned with OKEN Scanner